# बहुचर्चित देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में फरार दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

## मामले में पूर्व में आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है, 13 फरार चल रहे थे


एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा।

- एक आरोपी को हरियाणा के पलवल व दूसरे आरोपी को थाना खोह इलाके से पकड़ा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कामां थाने के बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपए के दो इनामी अभियुक्तों को दस्तयाब किया है। मामले में पूर्व में 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है, 13 अभियुक्त फरार चल रहे थे।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि विभिन्न मामलों में वांछित एवं अपराध जगत में सक्रिय बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के विभिन्न शहरों में भेजी गई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम आसूचना संकलन कर लगातार कार्रवाई कर रही है। एडीजी ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव के सुपरविजन एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम भरतपुर की ओर रवाना की गई। टीम को सोमवार को सूचना मिली कि देवीराम हत्याकांड का एक आरोपी हरियाणा के पलवल और दूसरा थाना खोह जिला डीग के पसोपा इलाके में फरारी काट रहा है। इस सूचना पर एजीटीएफ द्वारा कामां एसएचओ मनीष शर्मा का सहयोग प्राप्त कर मंगलवार को इनामी अपराधी राम अवतार गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को पलवल के आगरा चौक एवं दूसरे इनामी बबली गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को थाना खोह क्षेत्र के पसोपा गांव से घेराबंदी कर दबोच लिया। दोनों आरोपियों को कामां पुलिस ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

**यह है मामला :-** गांव मुल्लाका निवासी रामवीर गुर्जर ने थाना कामां पर उनके गांव के ही चंद्रभान उर्फ चनुआ पुत्र शिवलाल वगैरा 20-25 व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर निकले उसके पिता देवीराम गुर्जर पर पुरानी रंजिश के चलते सरकारी अस्पताल व डाक बंगले के बीच लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया था, मरा समझ कर हवाई फायर करते हुए गांव आ गए। यहां आकर बंदूक के कट्टे से गोपाल पुत्र जोहरी, कल्लु पुत्र जोहरी, शिवराम पुत्र जीतराम, घनश्याम पुत्र रज्जो एवं तीन बच्चों सचिन पुत्र राजू, क्षमा पुत्री रामनिवास और उमेश पुत्री कल्लु पर भी बंदूक व देशी कट्टे से फायर कर घायल कर दिया। गंभीर घायल उसके पिता देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया था, बाकी घायलों का भरतपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। एडीजी ने बताया कि दोनों इनामी अभियुक्तों के बारे में आसूचना संकलन एवं गिरफ्तारी में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना कामां से एसएचओ मनीष शर्मा व कांस्टेबल अमित कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

# हाईटेंशन लाइन के तार चोरी मामले में एक गिरफ्तार


पचेरी कलां पुलिस ने बिजली के तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

- दो महीने पहले साथियों के साथ मिलकर बिजली के तार चुराए थे

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरी कलां पुलिस ने सोमवार देर शाम को खेतड़ी से नरेला जा रही हाईटेंशन बिजली सप्लाई लाइन के तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी हरियाणा का रहने वाला है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर दो महीने पहले बिजली के तार चोरी कर लिए थे।

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि इंडाली हाल ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड के चालक राकेश कुमार ने सूचना दी कि सहड़ नदी में हाईटेंशन बिजली लाइन के तारों की कुछ लोग चोरी करके ले जा रहे हैं। जब वह मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पंहुचे तो आरोपी तार लेकर फरार हो चुके थे। मामले को गंभीरता से देखते हुए एसपी राजऋषि वर्मा ने एक विशेष टीम का गठन किया और आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि तार चोरी का मुख्य आरोपी हरियाणा का रहने वाला है जो अपने गांव आया हुआ है।

इस दौरान पुलिस की एक टीम गुरुग्राम के सोहना में पहुंची, जहां पुलिस ने दबिश देकर पीर कॉलोनी सोहना निवासी दीपक पुत्र सांवरिया को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ हाई टेंशन लाइन के तार चोरी करने की घटना को कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को पहले भी गिरफ्तार कर लिया था जो डीग जिले के कामा का रहने वाला ओमप्रकाश पुत्र सुरेश कुमार व सोहना का संजय कुमार उर्फ संजू पुत्र मस्ताना भी शामिल था। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारआरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एएसआई फतेहसिंह, कांस्टेबल मोतीलाल आदि शामिल थे।

# कांस्टेबल को धक्का देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए आरोपी को दबोचा

## पुलिस ने आरोपी के पास अवैध देशी कट्टा एवं चोरी की बाइक भी बरामद की


पुलिस टीम ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

- थाना परिसर में बने शौचालय में कांस्टेबल को धक्का देकर फरार हो गया था

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ थाने में कांस्टेबल को धक्का देकर फरार हुए वांछित आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास अवैध देशी कट्टा एवं चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।


थानाधिकारी सत्यवान सिंह ने बताया कि सांपला गेट सरवाड़ निवासी मोईन चौहान उर्फ पांचू (24) पुत्र उस्मान मोहम्मद मुहाना थाना पुलिस जिला जयपुर में वांछित है। मंगलवार 18 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोईन को उसके एक अन्य साथी फारुख के साथ पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की थी। पुलिस मोईन को जयपुर पुलिस के सुपुर्द करती, उससे पहले ही वह थाना परिसर में बने शौचालय में कांस्टेबल को धक्का देकर फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन पर विशेष टीम का गठन कर फरार आरोपी की तलाश शुरु की।

सोमवार को सरवाड़ थानाधिकारी सत्यवान सिंह मय पुलिस टीम के गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जिला स्पेशल टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल राजेश कुमार मीणा एवं कांस्टेबल रामराज सामरिया से मोबाइल पर सूचना मिली कि फतेहगढ़ तिराहे के पास एक युवक खड़ा है। जिसके पास अवैध देशी कट्टा है तथा वह बिना नम्बरी बाइक पर कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख वहां खड़ा युवक बाइक स्टार्ट कर भागने लगा। पुलिस टीम ने युवक को घेरा डालकर धर दबोचा।

पुलिस टीम ने युवक का नाम पूछा तो उसने अपना नाम मोईन चौहान उर्फ पांचू (24) पुत्र उस्मान मोहम्मद निवासी सांपला गेट सरवाड़ बताया। तलाशी में मोईन के पास एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि जिस बाइक पर वह भागने की फिराक में था, वह बाइक भी चोरी की है। पुलिस ने देशी कट्टा व बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कलेक्टर ने पं.स. कार्यालय का निरीक्षण किया

## जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने अनुपस्थित मिले दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस थमाए


जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश।

- रोडवेज बस स्टैण्ड व एस.एन.के.पी. कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल का भी निरीक्षण किया

**पाटन, (निसं)।** जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी से वहां संधारित रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने ई-फाईल व संपर्क पोर्टल पर दर्ज मामलों की जांच करते हुए लंबित मामलों को समय पर निस्तारण करने और पंचायत समिति कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिकों की समस्या पर त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान दिनेश कुमार अग्रवाल पंचायत प्रसार अधिकारी व सुरेश धायल कनिष्ठ अभियंता बिना सूचना के अनुपस्थित मिले, दोनों को कारण बताओ नोटिस देने तथा पंचायत परिसर में खड़ी दो पुरानी गाड़ियों की नीलामी करने तथा कार्यालय में साफ सफाई रखने के निर्देश भी दिए।

**रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश :-** कलेक्टर मेहरा ने नीमकाथाना स्थित रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने यहां से प्रतिदिन जाने वाली बसों, विभिन्न डीपो से आने वाली बसों, उनके रुट तथा यात्रीभार के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि बसों को उनके रूट अनुसार व्यवस्थित लगाने, समय और किराए से संबंधित सूचना पट्ट नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए। नगर परिषद् आयुक्त सुरेश मीणा को बस स्टैण्ड के आस-पास के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर शरद मेहरा ने नीमकाथाना स्थित एस.एन.के.पी. कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को मरम्मत करवाने व कॉलेज परिसर में भरने वाले वर्षा के पानी के लिए रेन वाटर हारर्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त सुरेश मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के एसीपी मुकेश गाडोदिया व रामवतार यादव (कार्यालय हाजा) उपस्थित रहे।

# बेकाबू बस ने बुजुर्ग को कुचला, मौके पर ही मौत

**गंगापुर सिटी, (निासं)।** सोमवार रात को गंगापुर सिटी-जयपुर हाईवे पर नबिया का बाढ में निजी बस की टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए और आक्रोशित लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया, जो करीब दो घंटे तक रहा। बाद में पुलिस की समझाइश के बाद जाम खुला। मृतक के शव को गंगापुरसिटी जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मृतक नबिया का बाढ निवासी हकीम बागवान (60) सोमवार रात को नमाज पढ़ने के लिए घर से निकला था। इस दौरान वह सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान जयपुर की ओर से आ रही एक निजी बस ने हकीम बागवान को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का पता चलने पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम लगा रहे लोगों से समझाइश की।

## चार गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** निहालगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं मोबाइल लूटने व खरीदने वाले दो जनों को और गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित सनी वाल्मीकि पुत्र दीपक वाल्मीक और हेमन्त पुत्र राजेन्द्र निवासी हरिजन बस्ती तलैया मौहल्ला धौलपुर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मोबाइल लूटने वाले आरोपी दीपक उर्फ छोटू पुत्र भूरीसिंह कोली निवासी बरीपुरा थाना बसईडांग को गिरफ्तार किया गया है। वहीं लूटे गये मोबाइल को खरीदने वाले आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है।

# मालिक व किरायेदार के कमरों से लाखों का सामान चोरी

**धौलपुर, (निसं)।** बीते कुछ दिनों से धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने सोमवार बीती रात शहर की पॉश कॉलोनी में मुख्य सड़क पर मौजूद एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर मकान मालिक और किरायेदार के कमरों के ताले तोड़ करीब ढाई लाख रुपए के सामान को पार कर ले गए।

पीड़ित मकान मालिक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि उनका मकान घंटाघर रोड पर मौजूद है। वह कुछ दिन पहले अपनी बेटी से मिलने उज्जैन गए थे, जबकि उनका किराएदार घर का ताला लगाकर अपने घर गया हुआ था। सुबह पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उन्हें घर के ताले टूटने की सूचना दी। जिस सूचना पर उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। पीड़ित मकान मालिक ने बताया कि चोर उनके घर से करीब 50 हजार की नगदी के साथ किराएदार के घर से करीब ढाई लाख रुपए के गहने और नगदी को पार कर ले गए। घटना को लेकर पीड़ित मकान मालिक ने उज्जैन से धौलपुर आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

# गेस्ट हाउस पर संदिग्ध गतिविधियों की आशंका के चलते हंगामा


कोतवाली थाना इलाके में एक गेस्ट हाउस पर पुलिस पहुंची।

- पुलिस गेस्ट हाउस से युवक-युवती को थाने ले गई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना इलाके में एक गेस्ट हाउस पर संदिग्ध गतिविधियों की आशंका के चलते युवाओं की भीड़ ने हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस गेस्ट हाउस से युवक-युवती को पूछताछ के लिए थाने ले गई।

सीओ सिटी अशोक जोशी के अनुसार, मंगलवार दोपहर एक युवक-युवती सब्जी मंडी स्थित एक गेस्ट हाउस में गये। इसकी भनक लगते ही युवाओं की एक टोली वहां पहुंच गई और संदिग्ध गतिविधियों की आशंका के चलते गेस्ट हाउस के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने का जाब्ता व सीओ सिटी जोशी के साथ ही डीएसबी से एएसआई अरविंद भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। युवक-युवती के साथ ही गेस्ट हाउसकर्मी को पुलिस थाने ले गई। पूछताछ में युवक-युवती एक ही समुदाय के होकर अलग-अलग जाति के निकले। पुलिस का कहना है कि क्षेत्रवासियों ने गेस्ट हाउस में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूर्व में भी शिकायत की थी, जिसके आधार पर उसे पाबंद किया गया था। हंगामे के बाद स्थानीय लोगों से रिपोर्ट मिलने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भिवाड़ी में मिट्टी माफिया ने रीको को एक करोड़ से ज्यादा का चूना लगाया

## माफियाओं के माध्यम से रीको की खाली पड़ी जमीनों से मिट्टी उठाकर बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है


मिट्टी माफिया रीको के खाली पड़े प्लॉटों से लाखों की मिट्टी अवैध रूप से उठाकर बेच चुके हैं।

- रीको के अधिकारी लिखित में भिवाड़ी थाने में शिकायत भी दे चुके हैं, लेकिन ना तो अभी मामला दर्ज किया है और ना ही कोई कार्रवाई की है
- रीको आरएम ने इसकी शिकायत भिवाड़ी एसपी से की, मामला दर्ज कराते हुए मिट्टी माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी में इन दिनों रीको व बीडा की सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने व मिट्टी खनन माफियाओं के माध्यम से रीको की खाली पड़ी जमीनों से मिट्टी उठाकर बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है।

अब तक ये मिट्टी माफिया रीको के कई खाली पड़े प्लॉटों से लाखों रुपए की मिट्टी अवैध रूप से उठाकर बेच चुके हैं, लेकिन रीको विभाग अब तक इन भू माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। यहां तक कि रीको के अधिकारी अपने प्लॉटों से मिट्टी उठाने से रोकने के लिए लिखित में भिवाड़ी थाने में शिकायत भी दे चुके हैं, लेकिन भिवाड़ी पुलिस ने रीको अधिकारी के द्वारा लिखित में शिकायत देने के बाद भी ना तो अभी मामला दर्ज किया है और ना ही इसमें मिट्टी माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। आखिर में रीको आरएम ने इसकी शिकायत भिवाड़ी एसपी से की है। साथ ही मामला दर्ज कराते हुए मिट्टी माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

रिको प्रथम के आरएम ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि कहरानी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित उनके खाली पड़े भूखंड संख्या नंबर 156 से लगते हुए कमर्शियल प्लॉट से मिट्टी माफियाओं ने बड़ी मात्रा में मिट्टी उठाकर पास में ही निर्माणाधीन प्लॉट नंबर 261 में डाली है। इसको लेकर गत 1 मई को भिवाड़ी थाने में संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की लिखित में शिकायत दी गई थी, लेकिन उस पर पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो गत 11 जून को भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेई को मिट्टी माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक शिकायती पत्र दिया गया है। अभी पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है।

रीको ने इस मामले को लेकर जयपुर भी उच्च अधिकारियों को शिकायत की है। कहरानी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रीको के प्लॉट नंबर 156 से लगते हुए कमर्शियल प्लॉट में मिट्टी खनन माफियाओं ने उसमे से मिट्टी उठाकर करीब 20 से 25 फीट गहरा गड्ढा कर दिया है। इसी तरह पास में ही लगते हुए प्लॉट नंबर 118 में से भी मिट्टी माफियाओं ने मिट्टी उठाकर करीब 15 फीट से भी ज्यादा गहरा गड्ढा कर दिया है। दोनों ही प्लॉटों से उठाई गई मिट्टी की कीमत करीब एक करोड रुपए से भी ज्यादा की बताई जा रही है।